वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 अंक-10 सांगवाड़ा,शनिवार,24 सितम्बर, 2022 भाषा : हिन्दी ई-पेपर अवधि: (वार्षिक) मूल्य-10 रु. पृष्ठ-1

राहुल गांधी से मुलाकात के बाद पायलट सक्रिय

विधायकों से मिल रहे, जल्द ही सोनिया से भी मिलेंगे

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस के अध्यक्ष बन सकते हैं। कांग्रेस के एक पद एक व्यक्ति के फैसले के कारण उन्हें सीएम की कुर्सी छोड़नी पड़ सकती है। ऐसे में राजस्थान का मुख्यमंत्री कौन होगा यह अब तक बड़ा सवाल बना हुआ है। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट और विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी का नाम इस दौड़ में सबसे ऊपर माना जा रहा है। राहुल से मुलाकात के बाद पायलट राजस्थान में सीएम की कुर्सी को लेकर सक्रिय हो गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष पद चुनाव के लिए बीते गुरुवार को नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया। चुनाव प्रक्रिया 24 सितंबर को शुरू होगी। यह 30 सितंबर तक चलेगी। बताया जा रहा है कि गहलोत 28 सितंबर को नामांकन दाखिल कर सकते हैं। बता दें कि चुनाव 17 अक्टूबर को होंगे और 19 नवंबर को मतगणना होगी। इसी दिन कांग्रेस के नए अध्यक्ष का नाम भी सामने आ सकता है। प्रदेश के नए सीएम को लेकर बसपा से कांग्रेस में शामिल हुए विधायक और मंत्री राजेंद्र गुढ़ ने भी अपना रुख साफ कर दिया है। अब तक गहलोत समर्थक माने जाने वाले गुढ़ा ने कहा,

कांग्रेस आलाकमान जो फैसला करेगा। हमारे साथ के सभी छह विधायक उसका समर्थन करेंगे। किसे सीएम बनाना है यह फैसला आलाकमान को करना है। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद पायलट ने प्रदेश में कांग्रेस विधायकों की लॉबिंग शुरू कर दी। पायलट की कोशिश है कि पार्टी के सभी विधायक सीएम पद के लिए उनका समर्थन करें। सूत्रों का कहना है कि इसे लेकर उन्होंने बाड़ी विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा और बसेड़ी विधायक खिलाड़ीलाल बैरवा से भी फोन पर बात की है। दोनों विधायक अभी दिल्ली में हैं। बताया जा रहा है कि जल्द ही सचिन पायलट कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से भी मुलाकात कर करेंगे। इसके बाद पूरी तरह से साफ हो सकता है कि प्रदेश का नया सीएम कौन होगा। सीएम पद के नामों की चर्चाओं और कांग्रेस की बदल रही राजनीति के बीच शुक्रवार को सचिन पायलट विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी से उनके चैंबर में मुलाकात की। इस दौरान वह कांग्रेस विधायकों के साथ भी मिले। इनमें सिर्फ पायलट गुट के विधायक ही नहीं गहलोत गुट के कई विधायक भी शामिल थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अध्यक्ष बनने से साफ इनकार कर दिया है।

सोनिया गांधी और माकन राजस्थान के सीएम पर फैसला करेंगे- गहलोत

जयपुर । केरल में राहुल गांधी से मुलाकात के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि वह कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि, सोनिया गांधी और प्रभारी महासचिव अजय माकन राजस्थान सीएम के चेहरे पर फैसला करेंगे। अशोक गहलोत ने कहा कि मैं राहुल गांधी से कई बार अपील कर चुका हूं कि वे सभी की बात मानते हुए अध्यक्ष बने। लेकिन उन्होंने साफ कर दिया है कि गांधी परिवार का कोई भी व्यक्ति अध्यक्ष नहीं बनेगा। गहलोत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि, मैंने राहुल गांधी से मिलने के बाद उनसे अनुरोध किया था। देश भर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने के लिए प्रस्ताव पारित कर रही है, इसलिए हमने कहा कि उन्हें उसमें अध्यक्ष का पद स्वीकार करना चाहिए।

क्षेत्रपाल जी मंदिर खड़गदा में एक घंटे तक हुई सावित्री साधना

गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा के माध्यम से तीर्थराज पुष्कर से आए विद्वान विप्रवरों की मौजूदगी में हुई धार्मिक अनुष्ठान

सागवाड़ा। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा के माध्यम से तीर्थराज पुष्कर से आए विद्वान विप्रवरों के माध्यम से श्री क्षेत्रपाल जी मंदिर खड़गदा में शुक्रवार को सावित्री साधना के साथ विविध धार्मिक अनुष्ठान हुए। एक घंटा मौन रहकर सावित्री साधना की गई जिसमें गायत्री मंत्र के जाप किये गये। तीर्थराज पुष्कर से आए विद्वान विप्रवरों का श्री क्षेत्रपाल जी मंदिर खड़गदा के अध्यक्ष निखिलेश मेहता और मयंक जोशी ने स्वागत किया। जिला संयोजक भूपेन्द्र पंड्या ने बताया कि पितरों की गति मुक्ति, देवताओं, ऋषियों की तृप्ति निमित्त सामूहिक उपासना, ध्यान, दीप महायज्ञ, सावित्री साधना, विनियोग, मार्जन, तर्पण, अग्रशन की क्रियाएं संपन्न की गई। पंडया ने बताया कि सर्वपितृ अमावस्या के दिन साधक वागड़ प्रयाग बेणेश्वर धाम में सामूहिक जप, ध्यान, साधना, योग, यज्ञ,श्राद्ध तर्पण के साथ शिविर की पूर्णाहुति होगी। डा. विमलेश पंड्या ने संचालन किया। इस दौरान शशिकांत पुरोहित, जवाहरलाल जोशी, मयंक जोशी, विवेक भट्ट, लक्ष्मीशंकर सुधार, समीर भट्ट, दीपेश भट्ट, पीयूष भट्ट मौजूद रहे।

कडाणा की ज़मीन बेचने वाली दोनों बहनों को जेल, बिचोलियों से तीन दिन होगी पूछताछ

कडाणा विभाग की बेशक़ीमती भूमि की सौदेबाज़ी का मामला

सागवाडा। कडाणा विभाग की बेशक़ीमती भूमि की सौदेबाज़ी में भले ही भूमि बेचने वाले और बिचौलियों को पुलिस ने पकड़ लिया है लेकिन उनसे कुछ उगलवाने में पुलिस सफल नहीं हो पा रही है। यही कारण रहा कि दो दिन का पीसी रिमांड मिलने के बाद ज़मीन बेचने वाली दोनो ही बहनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। इधर, पुलिस ने जमीन का सौदा कराने में बिचोलिया की भूमिका निभाने वाले फर्जी रजिस्ट्री के गवाह अमन नगर इंदिरा कॉलोनी निवासी मकबूल पुत्र सफी मोहम्मद शेख तथा लेनदेन में संलिप्त सहयोगी घांचीवाड़ा मसानिया तालाब निवासी हबीब पुत्र अब्दुल सत्तार घाची को भी न्यायालय में पेश किया। इस मामले में दोनों आरोपियों से पुछताछ के लिए पुलिस को तीन दिन पुलिस रिमांड मिला। कडाणा विभाग की बेशकीमती जमीन के कूटरचित दस्तावेज़ बनाकर ख़रीद फ़रोख़्त करने के मामले में अब भी पुलिस उन लोगों तक नहीं पहुँच पाई है जो पर्दे के पीछे हैं। पुलिस इसका मुख्य कारण यह बता रही है कि ज़मीन ख़रीदने वाला हरी से सब कुछ जानता है जो अभी तक उनकी पकड़ से बाहर है।

पुलिस निरीक्षक शैलेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि दो दिन के पुलिस रिमांड के बाद शुक्रवार को सागवाड़ा निवासी नजमा पुत्री उमर खां घाची, फातेमा पुत्री उमर खां घाची को न्यायालय में पेश किया। दोनों बहनों को मजिस्ट्रेट ने न्यायिक अभिरक्षा में भेजने का आदेश दिया। थानाधिकारी चौहान ने बताया कि नजमा और फातेमा से पुछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वे ज्यादा कुछ नहीं जानती हैं। हरिसिंह जहां भी बुलाता था हम वहां पर जाते और जहां भी हस्ताक्षर करने का कहता वहां पर हस्ताक्षर कर देते थे।बिचोलिया की भूमिका निभाने वाले फर्जी रजिस्ट्री के गवाह मकबूल शेख जमीन दलाली का कार्य करता है तथा उसने पुछताछ में बताया कि दलाली के रूप में उसे पांच लाख रुपए मिले हैं। लेन देन में संलिप्त हबीब घांची जमीन बेचान करने वाली फातेमा का बेटा है तथा मसानिया तालाब पर बाल कटिंग का कार्य करता है।

इस पूरे मामले में अब देखने वाली बात ये है कि ज़मीन ख़रीदने वाला हरिसिंह पुलिस की पकड़ में कब तक आता है। इसके साथ ही एक ओर दलाल जो कि इस रजिस्ट्री में दूसरा गवाही वो भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। इधर, तहसीलदार गिरदावर और पटवारी के खिलाफ़ की जा रही जाँच का निर्णय भी आना बाक़ी है।

सड़क बनाने में लापरवाही नहीं होनी चाहिए: धारीवाल

कोटा। बारिश थमने के साथ ही कोटा में खराब हुई सड़कों की मरम्मत का काम यूआईटी ने शुरू कर दिया है। यूआईटी अधिकारियों का दावा है कि एक लाख वर्ग मीटर की सड़कों की मरम्मत का काम भी हो चुका है। साथ ही नई सड़क बनाने का काम शुरू हो चुका। इसे लेकर यूआईटी के विशेष अधिकारी आरडी मीणा ने अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें निर्देश दिए कि सड़कों का पैच वर्क और मरम्मत का काम समय पर पूरा हो जाए। क्वालिटी का ध्यान रखा जाए नहीं तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि कोटा में सड़कों की हालत को लेकर शहरवासी काफी परेशान है। हाल में ही यूडीएच मंत्री ने सड़कों की हालत को लेकर हो रहे प्रदर्शन पर बयान जारी किया था। इसके बाद पूर्व विधायक ने भी बयान जारी किया था। सड़कों को लेकर लगातार बयानबाजी और प्रदर्शन शहर में हो रहे हैं।

यूआईटी के विशेष अधिकारी आरडी मीणा के अनुसार यूआईटी की ओर से सड़क निर्माण कामों की जांच के लिए तकनीकी सहायक की भी नियुक्ति की जाएगी।

बाइक से गिरने से महिला की हुई मौत

बीमार बेटे को भोपे से झाड़-फूंक करवाकर लौट रही महिला, 4 बच्चो के सिर से उठा मां का साया

डूंगरपुर। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के थाणा गांव में बाइक के पीछे बैठी महिला की उछलकर नीचे गिरने से मौत हो गई। महिला अपने बीमार बेटे का भोपे से झाडफूंक करवाकर वापस घर लौट रही थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। इधर महिला की मौत के बाद उसके 4 बच्चो के सिर से मां का साया उठ गया है। डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाने के सीआई सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया की पप्पू बरंडा निवासी थाणा फला सोनेला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में पप्पू ने बताया की उसकी पत्नी जमना बरंडा अपने बीमार बेटे को साथ लेकर गोकुलपुरा ननद के घर मेहमान गई थी। वहा पर बीमार बेटे को भोपे के पास लेकर गए थे। भोपे से झाड़फूंक के बाद उसे वापस लेकर घर लौट रही थी। ननद का देवर बाइक लेकर उन्हें छोड़ने जा रहा था। थाणा गांव के पास जाते ही बाइक का पहिया एक गड्ढे में जा गिरा। जिससे जमना उछलकर बाइक से नीचे जा गिरी। उसके सिर में गंभीर चोंट आई और लहूलुहान होकर घायल हो गई। जिस पर महिला को गंभीर हालत में डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर आए। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस जिला अस्पताल पर पहुंची। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहां पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। इधर महिला की मौत के बाद उसके 4 बच्चों से मां का साया उठ गया है।

धंबोला थाना क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला जारी, किराना की दुकान से अज्ञात चोरों ने किए हाथ साफ

सीमलवाड़ा । धंबोला पुलिस थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं कम होने का नाम ही नही ले रही है, पिछली चोरियों का अब तक खुलासा नही हुआ लेकिन एक और चोरी का मामला सामने आया है। डूंगरपुर सरथूना मुख्य मार्ग पर गड़ा वाटेश्वर में एक किराना की दुकान में बीती रात को अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकान मालिक पंकज कुमार पुत्र शिवलाल कलाल निवासी करावाड़ा ने बताया कि दुकान के पीछे की दीवार में बड़ा छेद कर बदमाश अंदर घुसे, लगभग एक लाख का सामान जिसमे विमल का बोरा, बीड़ी का कंडिया, तेल, शैम्पू सहित सामग्री चूरा ले गए। वहीं गल्ले से 25 हजार की नकदी भी पार कर ली है। सूचना पर धंबोला थाने से एएसआई अशोक कुमार कलाल, जीतमल सहित धंबोला पुलिस जाब्ता, सरपंच जयंती लाल अहारी भी मौके पर पहुंचे। मौका निरीक्षण किया।

2 लाख की रिश्वत लेते सरपंच गिरफ्तार

जयपुर। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर जयपुर ग्रामीण इकाई द्वारा शुक्रवार को सीकर में कार्यवाही करते हुये श्रवण कुमार सरपंच, ग्राम पंचायत जैतूसर, जिला सीकर को परिवादी से 2 लाख 10 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की जयपुर ग्रामीण इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी फर्म द्वारा करवाये गये निर्माण कार्यों के बकाया बिलों के भुगतान एवं अमानत राशि लौटाने की एवज में श्रवण कुमार सरपंच, ग्राम पंचायल जैतूसर, जिला सीकर द्वारा 20 प्रतिशत कमीशन के हिसाब से 2 लाख 10 हजार रूपये की रिश्वत राशि मांगकर परेशान कि जा रहा है।

सर्प दंश से महिला किसान की मौत, खेतो में काम कर रही थी

डूंगरपुर। जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के शिशोद गांव में सर्प दंश से एक महिला की मौत हो गई। महिला खेतो में काम कर रही थी। सांप के कांटने के बाद महिला दौड़ी-दौड़ी घर आई और बेहोश हो गई। जिला अस्पताल के डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाने के हेड कांस्टेबल चेतनलाल ने बताया की शिशोद गांव निवासी रामजी परमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में रामजी ने बताया की उसकी पत्नी हकरी परमार (50) खेतों पर काम करने के लिए घर से निकली थी। हकरी खेतो में काम कर रही थी। इस दौरान उसे जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काटने के बाद हकरी दौड़ी-दौड़ी अपने घर आई और पति को बताया की खेत मे काम करते समय उसे सांप ने डस लिया है। इतना कहने के बाद महिला बेसुध होकर नीचे गिर गई। जिसके बाद परिवार के लोग गंभीर हालत में हकरी को लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर आए। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने हकरी की जांच करके उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतका के परिजनों ने मामले की सूचना बिछीवाड़ा थाना पुलिस को दी। सूचना पर बिछीवाड़ा थाना पुलिस डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंची। जहां पर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। वही इसके बाद जरूरी कार्रवाई के बाद पुलिस महिला का पोस्टमार्टम करवाया। वही शव परिजनों को सुपुर्द किया। इधर पुलिस ने मृतका के पति की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मंत्रीजी-मंत्रीजी-सुन रहे हैं क्या? :दिव्या

जयपुर। विधानसभा में 'राइट टू हेल्थ' बिल पर बहस के दौरान ओसियां से कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने चिरंजीवी योजना में प्राइवेट अस्पतालों की मनमानी के मुद्दे पर सरकार को जमकर घेरा। दिव्या ने जोधपुर जिला प्रशासन को फेल बताते हुए अधिकारियों को निशाने पर लिया। दिव्या मदेरणा ने कहा- आज हम 'राइट टू हेल्थ' की बात कर रहे हैं, दूसरी तरफ हमारी चिरंजीवी योजना की प्राइवेट अस्पताल धज्जियां उड़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री के क्षेत्र में चिरंजीवी योजना प्रशासन के फेल्योर की वजह से मुंह के बल गिरती है। दिव्या ने कहा- प्राइवेट सेक्टर के 890 अस्पताल चिरंजीवी योजना में रजिस्टर्ड हैं, लेकिन आपने जोधपुर में देखा होगा कैसे प्राइवेट अस्पताल ने पैसे वसूले। प्राइवेट अस्पताल वाले जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे मरीज के परिजनों से कन्सेंट साइन करवा लेते हैं कि उन्हें चिरंजीवी योजना का फायदा नहीं लेना। उस वक्त आदमी जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा होता है तो परिजन पैसा जमा करवा देते हैं। यह जोधपुर में हुआ और भी कई जगह हो रहा है।

चिरंजीवी में इलाज कवर होते हुए भी पैसा वसूला जा रहा है। दिव्या ने स्वास्थ्य मंत्री से कहा- मंत्रीजी, सुन रहें हैं क्या? जोधपुर प्रकरण में विशेष रूप से कहना चाहती हूं। मुख्यमंत्री के क्षेत्र में चिरंजीवी योजना मुंह के बल गिर जाती है।

एसबीएम-जी की राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति के सदस्य बने के के गुप्ता

ग्रामीण क्षेत्रो में स्वच्छता को लेकर काम करेंगे गुप्ता

डूंगरपुर। प्रदेश के पूर्व स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर व डूंगरपुर नगरपरिषद के पूर्व सभापति के के गुप्ता को भारत सरकार ने बडी जिम्मेदारी दी है । केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने गुप्ता को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (एस.बी. एम.-जी) द्वितीय चरण के तहत राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति का सदस्य बनाया है । समिति में पुरे देश से दो गैर सरकारी सदस्य बनाये गए है जिसमे गुप्ता का नाम भी शामिल है। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के तहत पेयजल तथा स्वच्छता विभाग स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (एस.बी. एम.-जी) देश के सभी राज्यों एवं सभी केन्द्र शासित

प्रदेशों में गांवों को ओडीएफ व ओडीएफ प्लस बनाने और सभी गांवों को ठोस व तरल कचरा प्रबंधन से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति कार्यरत है । इस राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति में पूरे भारत से दो गैर सरकारी सदस्य मनोनीत किये है जिसमें राजस्थान के डूंगरपुर निवासी के.के. गुप्ता राजस्थान और तिरुचिल्लपल्ली तमिलनाडू निवासी एस.दामोदरन को नियुक्त किया गया है।

इधर राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति में सदस्य बनाए जाने पर के के गुप्ता ने केंद्र सरकार का आभार जताया है। इस मौके पर गुप्ता ने बताया की स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (एस.बी.एम.-जी) चरण द्वितीय के दिशा निर्देशों के अनुरुप राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति का काम गांवों में ओडिएफ बनाने के साथ सोलिड एण्ड लिक्विड वेस्ट मेनेजमेन्ट, पर्यावरण संरक्षण का रहेगा। उन्होंने बताया की जो जिम्मेदारी उन्हें केंद्र सरकार की ओर से दी गई है उस जिम्मेदारी को पूरी इमानदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने बताया की आमजन को जागरूक करते हुए गाँवों को ओडीएफ और सोलिड एण्ड लिक्विड वेस्ट मेनेजमेन्ट किया जाएगा।

गौरतलब है की राजस्थान के स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसेडर व डूंगरपुर सभापति रहते हुए उन्होंने स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया है। उन्ही कार्यो के चलते डूंगरपुर का नाम स्वच्छता के क्षेत्र में रोशन हुआ है। वही गुप्ता ने गुजरात के गांधीनगर के गाँवों में भी स्वच्छता के क्षेत्र में काम करते हुए अपनी छाप छोड़ी है।